# भिलाई इस्पात संयंत्र/चन्द्रपुर फेरो एलॉय प्लांट (सी.एफ.पी.)/ सेलम स्टील प्लांट (एस.एस.पी.) सेल में विभिन्न पदों पर नियुक्ति का अवसर

सेल SAIL

**विज्ञापन क्रमांक बीएसपी.-15(भर्ती)/22-23, दिनांक 07-11-2022**

भिलाई इस्पात संयंत्र, जो सेल का ध्वजवाहक संयंत्र है, जिसे देश में सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र होने के लिए 11 बार प्रधानमंत्री ट्रॉफी प्रदान की गई है। यह रेलपाँत, भारी स्टील प्लेट, रिबार्स, वायर रॉड्स तथा स्ट्रक्चरल्स का उत्पादन करता है। भिलाई इस्पात संयंत्र, युवा प्रोफेशनल्स/डॉक्टरों से इसके संयंत्र/अस्पताल एवं विभिन्न खदानों के लिए निम्नांकित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

**I. पदों का विवरण :**

**1. वरिष्ठ सलाहकार (ई 4 ग्रेड)**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू. डी | भू. सै. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ सलाहकार (कार्डियोलॉजी) | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| वरिष्ठ सलाहकार (न्यूरो सर्जरी) | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**2. सलाहकार (ई3 ग्रेड)/वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ई2 ग्रेड)**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू.डी** | भू.सै. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जनरल मेडिसिन | 02 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 (OA,OL,BL,OAL,LC,Dw, AAV,SLD,MD involving above) | 0 |
| ऑर्थोपेडिक्स | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| जनरल सर्जरी | 02 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| साइकेट्री | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| ई.एन.टी. | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| ट्रॉंसफ्यूज़न मेडिसिन | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**3. चिकित्सा अधिकारी (ई1 ग्रेड)**

| पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू.डी** | भू.सै. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 02 | 02 (02बैकलॉग) | 0 | 01 | 0 | 01(01बैकलॉग)(OA, OL,BL, LC, Dw, AAV ) | 0 |

**4. प्रबंधक (ई3 ग्रेड):**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू. डी** | भू.सै. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **प्रबंधक (हाइड्रॉलिक्स) -अनुरक्षण एवं उपयोगिताएँ** | 02 | 01 | 01 (01बैकलॉग) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **प्रबंधक (मेकेनिकल) -पावर इंजीनियरिंग मेंटेनेन्स** | 02 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 (01बैकलॉग) (HH) | 0 |
| **प्रबंधक (मेकेनिकल) -बार एवं रॉड मिल** | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) -बार एवं रॉड मिल** | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**5. उप प्रबंधक (ई2 ग्रेड):**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू. डी | भू.सै. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **उप प्रबंधक (खनन) (रावघाट माइन्स के लिए)** | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| ***उप प्रबंधक (भूगर्भ शास्त्र) (रावघाट माइन्स के लिए)*** | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**6. सहायक प्रबंधक (ई1 ग्रेड):**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू.डी** | भू.सै. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहायक प्रबंधक (बॉयलर ऑपरेशन इंजीनियर) | 12 | 07 | 01 | 0 | 03 | 01 | 0 | 0 |
| सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) | 10 | 06 | 01 | 0 | 02 | 01 | 01 (01बैकलॉग) ( BL,LV ) | 0 |

**7. एस3 / एस1 ग्रेड के पद:**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी. सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू. डी** | भू.सै. ** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माइन्स फोरमेन (एस-3) | 16 | 05 | 02(01बैकलॉग) | 08(03बैकलॉग) | 0 | 01 | 0 | 02 |
| सर्वेयर (एस-3) | 04 | 03 | 0 | 01 | 0 | 0 | 02 (01बैकलॉग) | 0 |
| ऑपरेटर सह टेकनीशियन (विद्युत पर्यवेक्षक) (एस-3) | 08 | 06 | 0 | 02 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| माइनिंग मेट (एस-1) | 17 | 05 | 01 | 08(03बैकलॉग) | 01 | 02 | 0 | 02 |
| ब्लास्टर (एस-1) | 17 | 07 | 02 | 05 | 01 | 02 | 0 | 02 |
| ऑपरेटर सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन) (एस-3)# | 43 | 21 | 05 | 11 | 03 | 03 | 09 (07बैकलॉग) | 05 |
| अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन) | 23 | 11 | 02 | 07 | 01 | 02 | 06 (06बैकलॉग) | 03 |

**#** ऑपरेटर सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन) में 06 पद(अनारक्षित-04,एस.सी.-01, ओ.बी.सी-01, पी.डब्ल्यू. डी-01) सेलम स्टील प्लांट (एस.एस.पी.) के लिए है।

**8. ऑपरेटर सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु) (एस 3 ग्रेड):**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी. सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू. डी** | भू.सै. ** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **मेटलर्जी #** | 09 | 04 | 02(02बैकलॉग) | 03(01 बैकलॉग) | 0 | 0 | 0 | 01 |
| **मेकेनिकल** | 04 | 01 | 01(01बैकलॉग) | 02(01 बैकलॉग) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **इलेक्ट्रिकल** | 04 | 01 | 01(01बैकलॉग) | 02(01 बैकलॉग) | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **इन्स्ट्रूमेन्टेशन** | 04 | 02 | 01(01बैकलॉग) | 01 | 0 | 0 | 01 | 0 |
| **केमिकल #** | 03 | 02 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 |

**#** मेटलर्जी डिसिप्लिन में 01 पद (अनारक्षित-01) एवं केमिकल डिसिप्लिन में 01 पद (ओ.बी.सी.-01) चन्द्रपुर फेरो एलॉय प्लांट (सी.एस.पी.) के लिए है।

**9. अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु) (एस 1 ग्रेड)**

| डिसिप्लिन | पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी. सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू. डी** | भू.सै. ** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **फिटर #** | 28 | 19 | 06(04बैकलॉग) | 0 | 01 | 02 | 03(02बैकलॉग) | 04 |
| **इलेक्ट्रिशियन** | 15 | 11 | 03(02बैकलॉग) | 0 | 0 | 01 | 01 | 02 |
| **इन्स्ट्रूमेन्ट मेकेनिक** | 03 | 03 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 |
| **इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक** | 03 | 03 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 |
| हेवी व्हीकल ड्राइवर(एच.व्ही.डी.) (खदान) | 05 | 04 | 01(01बैकलॉग) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

# फिटर ट्रेड में 04 पद (अनारक्षित-03, ओ.बी.सी.-01) चन्द्रपुर फेरो एलॉय प्लांट (सी.एस.पी.) के लिए है।

**10. फायरमेन सह फायर इंजन ड्राइवर (प्रशिक्षु) (एस 1 ग्रेड) (केवल पुरुष):**

| पदों की संख्या | अनारक्षित | एस.सी. | एस.टी. | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू एस. | पी.डब्ल्यू.डी | भू.सै.** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | 0 | 01 | 06 (03 बैकलॉग) | 0 | 01 | 0 | 01 |

II) **पात्रता:**

| पद का नाम | अधिकतम आयु * | वांछित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव * |
|---|---|---|
| वरिष्ठ सलाहकार (कार्डियोलॉजी) (ई 4 ग्रेड) | 44 वर्ष | किसी विश्वविद्यालय/मेडिकल काउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त संस्थान/नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन/नेशनल मेडिकल कमीशन से कार्डियोलॉजी में डी.एम./डी.एन.बी. उत्तीर्ण। |
| वरिष्ठ सलाहकार (न्यूरो सर्जरी) (ई 4 ग्रेड) | 44 वर्ष | किसी विश्वविद्यालय/मेडिकल काउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त संस्थान/नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन/नेशनल मेडिकल कमीशन से न्यूरो सर्जरी में एम.सी.एच./डी.एन.बी. उत्तीर्ण। |
| सलाहकार (ई 3 ग्रेड) | 41 वर्ष | अ) किसी विश्वविद्यालय/मेडिकल काउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त संस्थान/नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन/नेशनल मेडिकल कमीशन से जनरल मेडिसिन/जनरल सर्जरी/साइकेट्री/आर्थोपेडिक्स/ई.एन.टी./ट्रॉंसफ्यूज़न मेडिसिन में पी.जी. डिग्री/डी.एन.बी. उत्तीर्ण।<br>ब) ट्रॉंसफ्यूज़न मेडिसिन के लिये, पैथोलॉजी में पी.जी. डिग्री/डी.एन.बी. उत्तीर्ण करने के पश्चात् विशेष रूप से इम्यूनो हेमेटोलॉजी और ब्लड ट्रॉंसफ्यूज़न या ट्रॉंसफ्यूज़न मेडिसिन में अनुभव/प्रशिक्षण प्राप्त किया हो।<br>स) आवेदन करने की अन्तिम तिथि को, वांछित शैक्षणिक योग्यता के पश्चात, कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव। |
| वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी(ई 2 ग्रेड) | 38 वर्ष | अ) किसी विश्वविद्यालय/मेडिकल काउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त संस्थान/नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन/नेशनल मेडिकल कमीशन से जनरल मेडिसिन/जनरल सर्जरी/साइकेट्री/आर्थोपेडिक्स/ई.एन.टी./ट्रॉंसफ्यूज़न मेडिसिन में पी.जी. डिग्री/डी.एन.बी. उत्तीर्ण।<br>ब) ट्रॉंसफ्यूज़न मेडिसिन के लिये, पैथोलॉजी में पी.जी. डिग्री/डी.एन.बी. उत्तीर्ण करने के पश्चात् विशेष रूप से इम्यूनो हेमेटोलॉजी और ब्लड ट्रॉंसफ्यूज़न या ट्रॉंसफ्यूज़न मेडिसिन में अनुभव /प्रशिक्षण प्राप्त किया हो।<br>स) आवेदन करने की अन्तिम तिथि को, वांछित शैक्षणिक योग्यता के पश्चात, कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव। |
| चिकित्सा अधिकारी (ई 1 ग्रेड) | 34 वर्ष | अ) किसी विश्वविद्यालय/मेडिकल काउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त संस्थान/नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन/नेशनल मेडिकल कमीशन से एम. बी.बी.एस. उत्तीर्ण।<br>ब) आवेदन करने की अन्तिम तिथि को, इन्टर्नशिप के पश्चात, शासन से मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज/अस्पताल/संस्थान में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव। |
| प्रबंधक (हाइड्रॉलिक्स) -(अनुरक्षण एवं उपयोगितायें) (ई 3 ग्रेड) | 35 वर्ष | अ) किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. उत्तीर्ण।<br>ब) आवेदन करने की अन्तिम तिथि को वांछित शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में, इस्पात उद्योग/खनन क्षेत्र/तेल और गैस उद्योग/पेट्रोकेमिकल उद्योग/रेल्वे/बिजली संयंत्रों / विमानन उद्योग/शिपिंग उद्योग में हाइड्रॉलिक सिस्टम मेंटेनेन्स के क्षेत्र में न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव। |
| प्रबंधक (मेकेनिकल) - (पावर इंजीनियरिंग मेंटेनेन्स) (ई 3 ग्रेड) | 35 वर्ष | अ) किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. उत्तीर्ण।<br>ब) वैध वाइब्रेशन एनालिस्ट सी.ए.टी. -II प्रमाणीकरण धारक।<br>स) आवेदन करने की अन्तिम तिथि को, वांछित शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में, इस्पात उद्योग/पेट्रोकेमिकल उद्योग/उर्वरक उद्योग /बिजली संयंत्र में कण्डीशन मॉनिटरिंग, वाइब्रेशन एनालिसिस और हाईस्पीड रोटरी मशीनों के बैलेन्सिग के क्षेत्र में न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव। |
| प्रबंधक (मेकेनिकल) . (बार एंव रॉड मिल) (ई 3 ग्रेड) | 35 वर्ष | अ) किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक उत्तीर्ण।<br>ब) आवेदन करने की अन्तिम तिथि को, वांछित शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में, किसी भी एकीकृत इस्पात संयंत्र में न्यूनतम 0.5 मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन क्षमता वाले बार मिल/वायर रॉड मिल में हाइड्रॉलिक सिस्टम एवं सी.एन.सी. मशीनों सहित मशीनों के कमीशन एवं यांत्रिकीय अनुरक्षण के कार्य में न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव। |
| प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) -(बार एंव रॉड मिल) (ई 3 ग्रेड) | 35 वर्ष | अ) किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्स्ट्रूमेन्टेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक बी.ई./ बी.टेक. उत्तीर्ण।<br>ब) आवेदन करने की अन्तिम तिथि तक, वांछित शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में,किसी भी एकीकृत इस्पात संयंत्र में न्यूनतम 0.5 मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन क्षमता वाली बार मिल/वायर रॉड मिल की एल.वी./एम.वी. ड्राइव, लेवल-1 और लेवल-2 ऑटोमेशन, इन्स्ट्रूमेन्टेशन और सी.एन.सी. मशीनों के कमीशन एवं रखरखाव में न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव। |
| उप प्रबंधक (खनन) (रावघाट माइन्स के लिए) (ई 2 ग्रेड) | 34 वर्ष | अ) किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से माइनिंग इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक उत्तीर्ण।<br>ब) मेटालिफेरस माइन्स रेगुलेशन एक्ट, 1961 के तहत् प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक का प्रमाणपत्र (रेस्ट्रिक्टेड/अनरेस्ट्रिक्टेड) धारी।<br>स) आवेदन करने की अन्तिम तिथि को प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाणपत्र प्राप्त करने के पश्चात, अधिकारी संवर्ग में, किसी भी गैर-कोयला खदान (ओपनकास्ट/अण्डरग्राउण्ड) में न्यूनतम 4 वर्ष कार्य का अनुभव। |
| उप प्रबंधक (भूगर्भशास्त्र) (रावघाट माइन्स के लिए) (ई 2 ग्रेड) | 32 वर्ष | अ) किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से भूगर्भशास्त्र में पूर्णकालिक मास्टर ऑफ साइंस (एम.एस.सी.) या मास्टर ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एम.एस.सी. टेक) उत्तीर्ण।<br>ब)आवेदन करने की अन्तिम तिथि को, वांछित शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में, किसी भी गैर-कोयला खदान (ओपनकास्ट/अन्डरग्राउण्ड) एक्सप्लोरेशन प्रोजेक्ट/दोनों में न्यूनतम 4 वर्ष कार्य का अनुभव। |
| सहायक प्रबंधक (बॉयलर ऑपरेशन इंजीनियर) (ई 1 ग्रेड) | 30 वर्ष | अ) किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मेकेनिकल /इलेक्ट्रिकल/केमिकल/पावर प्लान्ट/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक बी.ई. /बी.टेक उत्तीर्ण।<br>ब) राज्य/केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा जारी बॉयलर ऑपरेशन इंजीनियर (बी. ओ.ई.) प्रमाण पत्र धारी। |

होता है, तो उसकी उम्मीद्वारी स्वीकार्य नहीं होगी। उम्मीद्वारों को साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के समय नि:शक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ताकि शारीरिक रूप से नि:शक्त उम्मीद्वार की श्रेणी में उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जा सके।

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/नि:शक्त/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर)/ई.डब्ल्यू.एस./भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण पत्र हिन्दी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है तो ऐसी स्थिति में उम्मीदवार को प्रमाण पत्र की हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवादित स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

अनु.जाति/अनु.जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस./नि:शक्त श्रेणी/भूतपूर्व सैनिक की श्रेणी में एक बार आवेदन करने के पश्चात् श्रेणी में परिवर्तन नहीं किया जा सकता है और न ही किसी अन्य श्रेणी का लाभ बाद में दिया जायेगा।

**अस्वीकार्य :** ई.डब्ल्यू.एस. रिक्तियाँ अस्थाई हैं और भारत सरकार के आगामी निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं।

## VI. चिकित्सा मानदण्ड

### अ) शारीरिक मानदण्ड :

| पद | ई 1 से ई 4 ग्रेड के लिए | | एस 1 से एस 3 ग्रेड के लिए (फायरमेन सह फायर इंजन ड्राइवर (प्रशिक्षु) को छोड़कर) | |
|---|---|---|---|---|
| मानदण्ड (न्यूनतम्) | आवश्यक मानदण्ड | | आवश्यक मानदण्ड | |
| | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला |
| ऊंचाई | अभियंता के लिए 155 से.मी., गैर अभियंता के लिए 150 से.मी. | 143 से.मी. | 155 से.मी. | 143 से.मी. |
| वजन | 45 किलो | 35 किलो | 45 किलो | 35 किलो |
| छाती का माप | 72 से.मी. एवं 75 से.मी. फुलाने पर | 75 से.मी. एवं 79 से.मी. फुलाने पर | 75 से.मी. एवं 79 से.मी. फुलाने पर | 70 से.मी. एवं 73 से.मी. फुलाने पर |

ब) दृष्टि मानदण्ड :

| पद | ई 1 से ई 4 ग्रेड के लिए | | एस 1 से एस 3 ग्रेड के लिए |
|---|---|---|---|
| मानदण्ड (न्यूनतम्) | मानदण्ड | | मानदण्ड |
| | पुरुष और महिला के लिए समान | | पुरुष और महिला के लिए समान |
| | अभियंता | गैर अभियंता | |
| दूर दृष्टि | 6/9 चश्में या बिना चश्में के या 6/6 और 6/12 दूसरे नेत्र में चश्में एवं बिना चश्में के। | एक नेत्र के साथ 6/6 स्वस्थ नेत्र को योग्य हेतु विचार किया जावेगा। | 6/9 दोनों नेत्र चश्में एवं बिना चश्मे के। 35 वर्ष की आयु के पश्चात एक स्तर की कमी (दोनों नेत्र में एक स्तर की कमी (दोनों नेत्र चश्में एवं बिना चश्में के)) |
| निकट दृष्टि | दोनो नेत्र जे1 चश्में एवं बिना चश्में के साथ। चश्में का पावर ± 4D से अधिक नहीं होना चाहिए। | दोनो नेत्र जे1 चश्में एवं बिना चश्में के साथ। चश्में का पावर ± 8D से अधिक नहीं होना चाहिए। | दोनो नेत्र जे1 अथवा एन 6 दोनों नेत्रों में। चश्में का पावर ± 2.50D से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| कलर विजन | आवश्यक। | आवश्यक नहीं। | सामान्य (ईशिहारा अथवा लेंर्टन टेस्ट में) |
| बॉयनोक्यूलर विजन | आवश्यक। शल्य चिकित्सा एवं सुधार के साथ तिरछापन स्वीकार्य होगा। | – | आवश्यक। शल्य चिकित्सा एवं सुधार के साथ तिरछापन स्वीकार्य होगा। |

| फायरमेन सह फायर इंजन ड्राइवर (प्रशिक्षु) पद के लिये | | |
|---|---|---|
| | मानदण्ड (न्यूनतम) | |
| शारीरिक मानदण्ड | ऊंचाई | 165 से.मी. |
| | वजन | 50 किलो |
| | छाती (फुलाने पर) | 86.5 से.मी. |
| | छाती (बिना फुलाये) | 81 से.मी. |
| | दृष्टि | 6/6 बिना चश्में के। |
| | कलर विजन | सामान्य (कलर ब्लाइन्डनेस अयोग्य होगा) |
| | फिजिक | शारीरिक विकलांगता नही, नी नॉक नहीं और शरीर के भीतर मेटल इम्प्लान्टेशन नहीं होना चाहिए। |

फील्ड ऑफ विजन सामान्य एवं नाईट ब्लाइण्डनेस नहीं होना चाहिए। श्रवण शक्ति सामान्य (स्पीच फ्रिक्वेन्सी में 30 डी.बी. तक छूट) होना चाहिए। जहाँ कही भी आवश्यक हो एन्थोपोमैट्रिक मेजरमेंट के लिए बॉडी मॉस इण्डेक्स के अनुसार हाईट व वेट चार्ट का पालन किया जायेगा।

उम्मीदवार को किसी भी प्रकार की डिफेक्ट से मुक्त व पूर्णत: स्वस्थ होना चाहिए। उपरोक्त दर्शित चिकित्सा/शारीरिक मानदण्ड न्यूनतम आवश्यकतानुसार है। यद्यपि, उम्मीद्वारों की नियुक्ति उनके सेल मेडिकल व हेल्थ पॉलिसी के मानदण्ड के अनुरूप कम्पनी की चिकित्सकीय परीक्षा में पास होने के उपरान्त ही की जायेगी।

## VII. चयन प्रक्रिया :

**अ)**

| पद | चयन प्रक्रिया |
|---|---|
| वरिष्ठ सलाहकार/सलाहकार/वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | पात्र उम्मींद्वारो का चयन साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन (100 अंक) के आधार पर किया जायेगा। साक्षात्कार में न्यूनतम योग्यता अंक अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 50% और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(नॉन क्रीमी लेयर)/नि:शक्त श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 40% होंगे। अंतिम चयन हेतु, साक्षात्कार में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। यदि अंतिम मेरिट सूची में दो या अधिक उम्मीदवारों को एक ही कट-ऑफ अंक पर रखा जाता है, तो पात्रता योग्यता (अर्थात, पीजी/डीएनबी) में उच्च अंक वाले उम्मीदवार को प्रस्ताव पत्र जारी किया जाएगा।<br>बुलावा पत्र में साक्षात्कार के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी जो सेल वेबसाइट के कैरियर पेज पर अपलोड की जाएगी और उम्मीदवारों को उनके ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए उम्मीदवारों को कोई अन्य सूचना/संचार नहीं भेजा जाएगा। |

**ब**

| | |
|---|---|
| प्रबंधक (हाइड्रॉलिक्स)/ प्रबंधक(मेकेनिकल)/ प्रबंधक(इलेक्ट्रिकल) /उप प्रबंधक (खनन) /उप प्रबंधक (भूगर्भ शास्त्र)/सहायक प्रबंधक / (बॉयलर ऑपरेशन इंजीनियर)/ सहायक प्रबंधक (सुरक्षा)/चिकित्सा अधिकारी | पात्र उम्मीदवारों का चयन **लिखित परीक्षा/ऑनलाइन (सीबीटी)** के माध्यम से होगा, जिसके बाद अर्हित उम्मीदवार 1:3 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे। यदि किसी पद के लिए उम्मीदवारों का अनुपात 1:5 से कम हुआ तो चयन प्रक्रिया केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा। यदि सीबीटी के कट-ऑफ अंक, एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त किए जाते हैं तो इन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। अन्तिम चयन के लिए, मेरिट लिस्ट, में ऑनलाइन (सीबीटी)/लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के अंकों को मिलाकर 80:20 के वेटेज के साथ मेरिट सूची तैयार की जाएगी।<br>**लिखित परीक्षा/ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी):**<br>प्रोविज़नली पात्र उम्मीदवारों को प्रबंधन द्वारा निर्धारित किसी भी परीक्षा केन्द्र में वस्तुनिष्ट प्रकार की लिखित परीक्षा/ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, देने हेतु उपस्थित होना आवश्यक होगा। अनारक्षित पदों/ ई.डब्ल्यू.एस. हेतु ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में न्यूनतम अर्हता अंक का निर्धारण 50 पर्सेन्टाइल स्कोर के आधार पर किया जायेगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अ.पि.वर्ग/नि:शक्त उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अर्हता अंक 40 पर्सेन्टाइल स्कोर होगा। |

**स**

| | |
|---|---|
| माइन्स फोरमेन/ सर्वेयर/ऑपरेटर सह टेकनीशियन (विद्युत पर्यवेक्षक)/ माइनिंग मेट/ब्लास्टर/ ऑपरेटर सह टेकनीशियन(बॉयलर ऑपरेशन)/ अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन)/ऑपरेटर सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु)/ अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु)/फायरमेन सह फायर इंजन ड्राइवर (प्रशिक्षु) | पात्र उम्मीदवारों को ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) के लिए उपस्थित होना होगा, जिसकी जानकारी प्रवेश पत्र में दी जाएगी। ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) में उनके निष्पादन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट **(पद के लिये जैसा लागू हो)** हेतु सेल की वेबसाइट पर करियर पेज के माध्यम से सूचित किया जाएगा। ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) के लिए अंकों का वेटेज 100% होगा। स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट केवल क्वालिफाइंग नेचर का होगा।<br>**ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी):**<br>प्रोविजनली पात्र उम्मीदवारों को प्रबंधन द्वारा निर्धारित किसी भी परीक्षा केन्द्र में वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा/ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, देने हेतु उपस्थित होना आवश्यक होगा। अनारक्षित पदों/ई.डब्ल्यू.एस. हेतु ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में न्यूनतम अर्हता अंक का निर्धारण 50 पर्सेन्टाइल स्कोर के आधार पर किया जायेगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अ.पि.वर्ग/नि:शक्त उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अर्हता अंक 40 पर्सेन्टाइल स्कोर होगा।<br>**स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट**<br>उन उम्मीद्वारों में से जो ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में अर्हता प्राप्त करते है, प्रत्येक श्रेणी की मेरिट के अनुसार उम्मीदवार 1:3 के अनुपात में स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट हेतु शॉर्टलिस्ट किए जाएंगे।<br>टेस्ट अल्प अवधि में आयोजित किया जा सकता है, जिसका बुलावा पत्र सेल की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा एवं इसकी सूचना उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन भरने के दौरान पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी। इसके अतिरिक्त इस संबंध में अन्य कोई सूचना उम्मीदवार को प्रदान नहीं की जाएगी।<br>अंतिम चयन हेतु सभी श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) में अर्जित अंको के आधार पर, अवरोही क्रम में उन उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी जो कि, स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट में योग्य पाए गए हैं। |

## VIII. प्रशिक्षण एवं परिवीक्षा:

ग्रेड ई 1 से ई 4 पद के लिये,चयनित उम्मीदवार को पदभार ग्रहण करने के उपरान्त स्थाईकरण से पूर्व एक वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे। तत्पश्चात स्थाईकरण प्रदर्शन के उचित मूल्यांकन पर आधारित होगा।

माइन्स फोरमेन, सर्वेयर, ऑपरेटर सह टेकनीशियन (विद्युत पर्यवेक्षक), माइनिंग मेट, ब्लास्टर, ऑपरेटर सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन), अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन) पद में चयनित उम्मीद्वारों को 1 वर्ष की परिवीक्षा में रखा जायेगा।

ऑपरेटर सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु), अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु), फायरमेन कम फायर इंजन ड्राइवर (प्रशिक्षु) पद में चयनित उम्मीद्वारों को न्यूनतम दो वर्ष की प्रशिक्षण अवधि पर रखा जायेगा, जिसे आवश्यकतानुरूप आगे दो वर्षो के लिए बढ़ाया जा सकता है। चयनित उम्मीद्वारों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान समेकित वृत्तिका निम्नानुसार देय होगी। प्रशिक्षण अवधि की सफलतापूर्वक समाप्ति पर उन्हें एस 3/एस 1 ग्रेड में नियमित किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि की सफलतापूर्वक समाप्ति के पश्चात उम्मीदवार एक वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे।

| पद | समेकित वृत्तिका (प्रतिमाह) | |
|---|---|---|
| | प्रथम वर्ष (₹) | द्वितीय वर्ष (₹) |
| एस 1 ग्रेड | 12,900/- | 15,000/- |
| एस 3 ग्रेड | 16,100/- | 18,300/- |

दो वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के दौरान स्वयं, पति/पत्नि एवं आश्रित बच्चों के लिए प्रशिक्षुओं को चिकित्सा सुविधा मिलेगी, छुट्टी इत्यादि कम्पनी के नियमानुसार होगी।

## IX. परिलब्धियां एवं अन्य सुविधाएं, ग्रेड, वेतनमान :

| पदों | ग्रेड | **वेतनमान** |
|---|---|---|
| वरिष्ठ सलाहकार | ई 4 | ₹ 90000-3%-240000/- |
| सलाहकार/प्रबंधक | ई 3 | ₹ 80000-3%-220000/- |
| वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी / उप प्रबंधक | ई 2 | ₹ 70000-3%-200000/- |
| चिकित्सा अधिकारी/सहायक प्रबंधक | ई 1 | प्रथम वर्ष ₹ 50000-3%-160000/-<br>द्वितीय वर्ष ₹ 60000-3%-180000/- |
| माइन्स फोरमेन/सर्वेयर/ ऑपरेटर सह टेकनीशियन (विद्युत पर्यवेक्षक)/ऑपरेटर सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन)/ऑपरेटर सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु) | एस 3 | ₹ 26600-3%-38920/- |
| माइनिंग मेट/ब्लास्टर/ अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन)/अटेंडेन्ट सह टेकनीशियन (प्रशिक्षु)/ फायरमेन सह फायर इंजन ड्राइवर (प्रशिक्षु) | एस 1 | ₹ 25070-3%-35070/- |
| वर्तमान में कम्पनी के नियमों के अनुसार परिलब्धियों में मूल वेतन, लागू औद्योगिक महंगाई भत्ता, पर्किस्विट्स अण्डर केफेटेरिया एप्रोच के अलावा अन्य हितलाभ जैसे प्रोविडेन्ट फण्ड, ग्रेच्युटी (पेमेन्ट ऑफ ग्रेच्युटी एक्ट, 1972 संशोधन अधिनियम 2018 के तहत निर्धारित लाभ), नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (वरिष्ठ सलाहकार, सलाहकार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी के लिये), स्व और पात्र आश्रितों के लिए मुफ्त चिकित्सा सुविधा आदि कम्पनी के नियमानुसार प्रदान की जाएंगी। | | |
| प्रारम्भिक मूल वेतन पर सीधी भर्ती होने के कारण, कम्पनी पिछले रोज़गार वेतन/अवकाश वेतन/पेंशन योगदान आदि यदि कोई हो, के लिए कोई देयता वहन नही करेगी। | | |
| विभागीय उम्मीदवारों का चयन होने पर वेतन सेल पे फिक्सेशन नियमों के अनुसार तय किया जाएगा। | | |

## X) आवेदन और प्रोसेसिंग शुल्क :

| **ग्रेड** | आवेदन और प्रोसेसिंग शुल्क (सामान्य, अ.पि.वर्ग, ई.डब्ल्यू.एस. उम्मीदवारों के लिये) | प्रोसेसिंग शुल्क (अनु.जाति/अनु.जनजाति/नि:शक्त श्रेणी/भूतपूर्व सैनिक/विभागीय उम्मीदवारों के लिये) |
|---|---|---|
| **ई 1 या ऊपर** | ₹ 700/- | ₹ 200/- |
| **एस 3** | ₹ 500/- | ₹ 150/- |
| **एस 1** | ₹ 300/- | ₹ 100/- |

अ) अनु.जाति/अनु.जनजाति/नि:शक्त श्रेणी/भूतपूर्व सैनिक/विभागीय उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क प्रदान नहीं करने होंगे। अपितु अनु.जाति/अनु.जनजाति/नि:शक्त श्रेणी/भूतपूर्व सैनिक/विभागीय उम्मीदवारों को प्रोसेसिंग शुल्क प्रदान करने होंगे।

ब) उम्मीदवारों को देय आवेदन/प्रोसेसिंग शुल्क के अतिरिक्त, बैंक शुल्क यदि कोई हो, स्वयं वहन करना होगा।

स) ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय, उम्मीदवारों को **नेट बैकिंग/क्रेडिट कार्ड/ए.टी.एम. सह डेबिट कार्ड** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन शुल्क / प्रोसेसिंग शुल्क (जैसा भी मामला हो) का भुगतान करना होगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

## XI. आवेदन कैसे करें :

इच्छुक व पात्र उम्मीद्वारों को सेल की वेबसाइट **www.sail.co.in (at 'Careers' link)** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। **किसी अन्य साधन/माध्यम से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।** आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को सुनिश्चित करना होगा कि, वे अपने पात्रता, मानदण्डों को पूरा करने हैं। पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी अस्थाई रहेगी। उम्मीदवार आवेदन करने वाले पद के लिंक पर क्लिक कर उपयुक्त क्षेत्रों में ऑनलाइन जानकारी जमा कर सकते हैं।

**1. उम्मीदवारों को वेबसाइट में उनका आवेदन पंजीकृत करने के पूर्व निम्नलिखित साधन रखने होंगे :**

अ. उम्मीद्वारों को यह सलाह दी जाती है कि, वे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने वेबसाइट पर दिये गये **निर्देशों** को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

ब. आवेदन करने से पूर्व उम्मीद्वार को सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी पात्रता मानदण्डो को पूर्ण करते है। पंजीकृत उम्मीद्वार की उम्मीद्वारी अस्थाई होगी तथा उनकी पात्रता की जाँच साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के समय की जायेगी। यदि ऐसा पाया जाता है कि, उम्मीद्वार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य है या फिर विज्ञापन में दी गई पात्रतानुसार नहीं है अथवा दस्तावेजों की वैद्यता के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करने में उम्मीद्वार असमर्थ होता है तो, पंजीकृत उम्मीद्वार की उम्मीद्वारी चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अथवा नियुक्त होने के पश्चात् भी रद्द की जा सकती है। भिलाई इस्पात संयंत्र बिना किसी सूचना के आवेदन निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं इस संबंध में उम्मीद्वार से किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा।

स. वैद्य ई-मेल आई.डी. और मोबाइल नंबर जो पूरी चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक वैध रहना चाहिए।

द. उम्मीदवारों के पास jpg या jpeg फ़ाइल में नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर होनी चाहिए। केवल 50 केबी तक की आकार की फ़ाइल (एक सफेद पृष्ठभूमि के खिलाफ ली गई और उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सूरज के चश्मे, काले चश्मे आदि नही पहने हैं) और साथ ही साथ हस्ताक्षर की तस्वीर भी। आवेदन फॉर्म के साथ अपलोड करने के लिए jpg या jpeg फ़ाइल को केवल 20kb (डिजिटल में सिग्नेचर और व्यक्तिगत वर्णमाला नहीं) तक के आकार में अपलोड करें। जब भी आवश्यकता हो, संपूर्ण चयन प्रक्रिया के लिए उसी तस्वीर को चिपका दिया जाना चाहिए। (मोबाइल/सेल्फी मोड के माध्यम से ली गई तस्वीरों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा)।

इ. उम्मीदवार को आवेदन करते समय अपना नाम वैसा ही प्रविष्ट करना चाहिए जैसा कि मैट्रिक या समकक्ष योग्यता के प्रमाणपत्र परीक्षा में दर्शाया गया हो।

**2. ऑनलाइन आवेदन / पंजीकरण की प्रक्रिया में तीन चरणों का पालन करना शामिल है:**
अ) आवेदन पत्र भरना
ब) दस्तावेजों को अपलोड करना
स) भुगतान करना
द) फायनल रजिस्ट्रेशन एवं प्रोवीजनल रजिस्ट्रेशन की प्रिंटिंग।
वेबसाइट पर विस्तृत निर्देश/दिशानिर्देश उपलब्ध होंगे। उम्मीदवारों को फॉर्म भरने के लिए आगे बढ़ने से पूर्व सावधानी से इसके माध्यम से जाने की सलाह दी जाती है।

## XII. महत्वपूर्ण :

उम्मीद्वारों को सभी प्रकार की सूचनायें वेबसाइट http//sailcareers.com पर जानकारी अपलोड करने के माध्यम से या केवल ई-मेल के माध्यम से ही दी जायेंगी। परीक्षा की समय सारणी/प्रवेश-पत्र/सीबीटी का परिणाम या साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट बुलावा पत्र और अंतिम चयन के बारे में कॉल / सूचना इत्यादि की जानकारी सेल की वेबसाइट पर डाली जायेंगी अथवा ई-मेल से भेजी जायेंगी। सीबीटी का प्रवेश-पत्र या साक्षात्कार बुलावा पत्र/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट या नियुक्ति पूर्व चिकित्सकीय परीक्षण या अन्य सूचनाएँ प्राप्त करने, डाउनलोड और प्रिंट करने की जिम्मेदारी उम्मीद्वार की होगी। यदि उम्मीद्वार सही समय पर अपना ई-मेल/वेबसाइट नही खोलता है या उसे भेजा गया ई-मेल उम्मीद्वार द्वारा अमान्य/गलत ई-मेल आई.डी. दिये जाने के कारण उसे विलंब/गैर-रसीद जानकारी से मिलता है या नहीं मिलता है तो ऐसी स्थिति में सेल, भिलाई इस्पात संयंत्र इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**उम्मीद्वारों को अभी किसी भी प्रकार के दस्तावेज भिलाई इस्पात संयंत्र को भेजे जाने की आवश्यकता नहीं है।** यदि उम्मीद्वार के पास ऑनलाइन परीक्षा हेतु वैद्य फोटोयुक्त प्रवेश-पत्र जो कि नीचे दिये गये समय-सारणी के अनुसार सेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, उपलब्ध होगा तभी उन्हें ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी। ऑनलाइन टेस्ट (सी.बी.टी.) हेतु समस्त प्रथम दृष्टया अर्ह उम्मीदवारों को उनके द्वारा ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म में दी गई जानकारी एवं एप्लीकेशन फीस/प्रोसेसिंग फीस (जैसा लागू हो) सबमिट किये जाने के आधार पर एडमिट कार्ड जारी किये जायेंगे।

उम्मीदवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि, वे आवेदित पद के लिए विज्ञापन में मांगी गई पात्रता संबंधी सभी शर्तों को पूर्ण करते हैं। **सभी मूल प्रमाणपत्र (योग्यता और अनुभव के लिये पात्रता मानदंड) और अन्य पात्रता शर्तों/मानदण्डों के समर्थन में दस्तावेजों का सत्यापन केवल उन उम्मीद्वारों के लिये किया जायेगा जिन्हें अगले चरण यानि साक्षात्कार या स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के लिये विचार/बुलाया जायेगा।** जिन्हें लिखित परीक्षा के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाता है और दस्तावेजों के सत्यापन पर अधिसूचित पात्रता मानदण्डों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि, ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रस्तुत दस्तावेज और विवरण दस्तावेज सत्यापन के समय मेल खाना चाहिए। यदि दस्तावेज सत्यापन के समय निर्दिष्ट पात्रता शर्तों, मानदण्डों के अनुरूप नहीं पाया जाता हैं, तो उम्मीदवार को आगे की चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जायेगा और उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी और उम्मीदवार को साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

निर्धारित पात्रता संबंधी मानदंडों के सन्तोषजनक होने पर उन्हें अस्थाई रूप से परीक्षा के सभी चरणों में शामिल किया जायेगा। चयन प्रक्रिया के किसी भी अवस्था में सत्यापन पर यदि यह पाया जाता है कि, वे पात्रता मानदंडों को पूर्ण नहीं करते हैं तो, उनकी उम्मीदवारी अविलम्ब निरस्त कर दी जायेगी।

## XIII. सामान्य शर्तें:

1. उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना व राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वांछित शैक्षणिक योग्यता रखना आवश्यक है।
2. जो उम्मीदवार आवश्यक अर्हताओं की पूर्ति नहीं कर रहें हों, वे आवेदन न करें। इसलिए उम्मीद्वारों को आवेदन करने के पूर्व उनकी पात्रता को सुनिश्चित करना आवश्यक है।
3. बायोमेट्रिक पंजीयन एवं उम्मीदवार का अनुवर्ती सत्यापन चयन प्रक्रिया एवं पदभार ग्रहण करने के दौरान किया जावेगा।
4. पत्राचार माध्यम/ऑफ केम्पस माध्यम के द्वारा प्राप्त की गई शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीद्वार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।
5. उम्मीद्वारों को आवेदन में अपना नाम, मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण सर्टिफिकेट में दर्ज नाम को ही दर्शाना होगा। यदि कालान्तर में नाम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया गया हो तो, साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के समय आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।
6. डिग्री/डिप्लोमा/आई.टी.आई. में प्राप्तांकों के प्रतिशत की गणना करने के लिए बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जैसा विचार किया गया है, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा वैसा ही मान्य किया जायेगा। इसके अलावा जहाँ पर सी.जी.पी.ए. या अक्षरों में ग्रेडिंग प्राप्त किया गया हो, ऐसी स्थिति में उस हेतु संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रयुक्त पद्धति के तहत प्रतिशत की गणना कर ऑनलाइन आवेदन में दर्ज करना होगा। प्रयुक्त पद्धति के अभाव में सी.जी.पी.ए. की गणना 10 अंक मानक के आधार पर किया जायेगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के समय संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान में प्रयुक्त पद्धति से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।
7. जिन पदों के लिये कार्य अनुभव प्रासंगिक है, उन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को, वांछित अनुभव प्रमाण पत्रों की स्कैन की गई प्रतियों को अपलोड करना होगा।
8. यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति :-

- ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी) एवं नियुक्ति पूर्व चिकित्सकीय परीक्षण के लिए उम्मीद्वारों को यात्रा व्यय प्रदान नहीं किया जायेगा।
- ई 4 ग्रेड के पद के लिए साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिये उम्मीदवारों को राजधानी एक्सप्रेस सहित ए.सी. टू-टीयर रेल किराया एवं ई 1 से ई 3 ग्रेड के लिये साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवारों को राजधानी एक्सप्रेस सहित ए.सी. थ्री-टीयर रेल किराया, न्यूनतम् मार्ग से की गई यात्रा के बराबर प्रदान की जायेगी। रेल किराये के भुगतान में आरक्षण एवं तत्काल आरक्षण राशि, यदि हो तो प्रदाय होगी। उम्मीदवारों को उक्त सफर किये जाने का सबूत/टिकट साक्षात्कार के समय पेश करना अनिवार्य होगा।
- एस-1/एस-3 ग्रेड के पदों के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/नि:शक्त उम्मीद्वारों को, जो स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षा/ड्राइविंग टेस्ट में सम्मिलित हो रहे हैं, उन्हें स्लीपर क्लास का रेल किराया, न्यूनतम मार्ग से की गई यात्रा के बराबर प्रदान की जायेगी। उम्मीदवारों को उक्त सफर किये जाने का सबूत/टिकट, स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षा/ड्राइविंग टेस्ट के समय पेश करना अनिवार्य होगा।
- उम्मीदवार जो उनकी पात्रता से अधिक वर्ग/विकल्प से या सड़क मार्ग से यात्रा किये हों, उन उम्मीदवारों को प्रतिपूर्ती केवल उनके हकदार वर्ग के अधिकतम तक ही सीमित रहेगी। इसके अलावा, जो उम्मीदवार साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षा/ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने के लिए 30 किमी से कम दूरी से आते हैं तो, वे यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ती का हकदार नही होंगे।
- विभागीय उम्मीदवारों के लिए यात्रा खर्च का भुगतान मूल संयंत्र/इकाई द्वारा नियमानुसार किया जाएगा।

9. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर में सिफारिश लाने पर उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा।
10. निर्धारित पात्रताएँ/अनुभव मानदण्ड न्यूनतम हैं, एवं मात्र इन पात्रता मानदण्डों की पूर्ति करने का यह अर्थ नहीं होगा कि, आवेदक को ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी)/साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के लिए योग्य माना गया है। इस संम्बध में सेल/भिलाई इस्पात संयंत्र का निर्णय अन्तिम होगा।
11. लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने से उम्मीदवार को साक्षात्कार या कौशल परीक्षा/शारीरिक योग्यता परीक्षा/ ड्राइविंग टेस्ट या अन्तिम चयन के लिये शार्टलिस्ट होने का कोई अधिकार या दावा नहीं मिलता है क्योंकि यह उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर योग्यता सूची में रैंक लागू अनुपात संबंधित श्रेणियों में सापेक्ष प्रदर्शन सम्बन्ध पदों पर सीटो की संख्या आरक्षण की स्थिति अधिसूचित पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले उम्मीदवार और सत्यापन के क्रम में पाए गए अन्य मापदंडों और दस्तावेजों पर आधारित है।
12. भूतपूर्व सैनिक उम्मीद्वार को स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उनके शैक्षणिक योग्यता के असैनिक समतुल्यता **(सिविल इक्वीवेलेन्स)** का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13. चयनित उम्मीदवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के किसी भी खदान में आवश्यकतानुसार सेवायें देनी होगी।
14. यह विज्ञापन सेल की वेबसाइट **www.sail.co.in (at 'Careers' link)** पर उपलब्ध है। यदि रोजगार की सूचना के संबंध में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है, तो उसे सेल की वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जायेगा। उम्मीद्वारों को सलाह दी जाती है कि, वह सेल की वेबसाइट नियमित रूप से देखें।
15. दिखाई गयी रिक्तियाँ अनन्तिम (प्रोविजनल) है तथा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई या शून्य की जा सकती है। ऐसी स्थिति में उम्मीदवारों को हुये किसी भी प्रकार के नुकसान के लिये भिलाई इस्पात संयंत्र किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
16. उम्मीद्वार जिन्हें स्थानीय रोजगार कार्यालय द्वारा प्रायोजित किया गया है, वे निर्धारित प्रणाली के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें, अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
17. शासकीय/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीद्वारों को साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
18. वेतन सुरक्षा: सरकारी विभाग/सार्वजनिक उपक्रम में काम करने वाले उम्मीदवारों का वेतन सरकारी निर्देशों के अनुसार प्रोटेक्ट किया जायेगा।
19. परीक्षा केन्द्र बदलने का अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा। यद्यपि भिलाई इस्पात संयंत्र आवश्यकतानुसार किसी भी केन्द्र को रद्द या नया केन्द्र जोड़ने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।
20. परीक्षा केन्द्र/परिसर में लैपटॉप, मोबाईल, कलाई घड़ी, केलकुलेटर, स्केल या अन्य इलेक्ट्रानिक यंत्र रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
21. उम्मीदवार बी.एस.पी. का रजिस्ट्रेशन स्लिप या ई-रिसीप्ट को संभालकर रखें जिसे भविष्य में संदर्भ के लिए प्रस्तुत करना होगा।
22. भिलाई इस्पात संयंत्र विज्ञापन में दी गई वांछनीयताओं को यदि आवश्यकता हो तो रद्द करने/कम करने/बढ़ाने/परिवर्तित करने/बदलाव करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है, जिसके लिए कोई कारण बताना या सूचना देना आवश्यक नहीं होगा।
23. ऑनलाइन आवेदन जमा करने का तात्पर्य यह है कि, उम्मीदवार ने विज्ञापन को भली-भाँति पढ़ लिया है, समझ लिया है एवं उन्हें सभी नियम व शर्तो की जानकारी है। इसलिए उम्मीदवार को आवेदन करने के पूर्व यह सुनिश्चित करना है कि, वह सभी शर्तो को समझते हैं।
24. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि, वे केवल एक ही पद के लिए आवेदन करें, क्योंकि लिखित परीक्षा/ऑनलाइन (सी.बी.टी.)/साक्षात्कार/स्किल टेस्ट/शारीरिक दक्षता परीक्षण/ड्राइविंग टेस्ट आदि एक ही तिथि एवं समय पर आयोजित की जा सकती हैं।
25. किसी भी विवाद का क्षेत्राधिकार दुर्ग न्यायालय (छ.ग.) होगा।
26. विज्ञापन में किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर अंग्रेजी भाषा में जारी किया गया विज्ञापन ही मान्य होगा।

## XIV. महत्वपूर्ण तिथियाँ :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रविष्ट करने की प्रारंभिक तिथि | : | 26/11/2022 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन प्रविष्ट करने की अंतिम तिथि | : | 17/12/2022 |

**विज्ञापन.क्र. बीएसपी–15(भर्ती)/22-23,दिनांक : 07.11..2022**

पंजीकृत कार्यालय:इस्पात भवन,लोधी रोड,नई दिल्ली, 110003
**Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454,Website: www.sail.co.in**

*हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल*